हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 1 मई 2024

तापमान
अधिकतम 36 .4 डिग्री
न्यूनतम 17 .2 डिग्री

11 सुंदर सांवरी में भरा गंदा पानी, लोगों का जीना हुआ दुभर


12 प्रशासनिक हलचल शुरू चल निकला बैठकों का दौर


## खबर संक्षेप

### मजदूर दिवस पर छोटूराम धर्मशाला में कार्यक्रम

**सोनीपत।** सर्व कर्मचारी संघ जिला कमेटी सोनीपत द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि 1 मई यानि बुधवार को गोहाना रोड स्थित छोटूराम धर्मशाला में मजदूर दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सीटू, नगर पालिका कर्मचारी संघ, शहरी ठेका सफाई कर्मचारी, हुडा विभाग, बिजली, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, रोडवेज, अध्यापक संघ,, किसान सभा जनवादी महिला समिति, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, ग्रामीण चौकीदार, जलकर्मी, मिड डे मील, आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर हिस्सा लेंगें।

### वेलकम फाउंडेशन का रक्तदान शिविर कल

**गोहाना।** गुरुवार को शहर के दीनबंधु चौ. छोटूराम चौक में वेलकम फाउंडेशन वेलफेयर सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। सोसायटी के संस्थापक केसी शर्मा के अनुसार मुख्य अतिथि बीपीएस महिला विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉ. नीलम मलिक होंगी। विशिष्ट अतिथि शहर के नागरिक अस्पताल के आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. चक्रवर्ती शर्मा होंगे। चिकित्सा शिविर में एच.बी., ब्लड शुगर, बीपी, ईसीजी और आई चेकअप की व्यवस्था भी रहेगी।

### चोरों ने घर से जेवरात और सामान किया चोरी

**सोनीपत।** चावला कॉलोनी निवासी गीता ने बताया कि गत 19 अप्रैल को वह अपने बेटे के पास करनाल गई थी। उसके बेटे की तबीयत बेहद खराब थी। जिसके चलते वह अपने बेटे के पास थी। गत 22 अप्रैल को करनाल से वापिस अपने घर पर आई तो मकान का सामान बिखरा हुआ मिला। सामान की जांच की तो घर से चांदी के लक्ष्मी गणेश, चांदी के सिक्के सहित कपड़े व घर के दस्तावेज गायब मिले। अपने स्तर पर सामान की तलाश करने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

### विधायक के कुक से घर में घुसकर मारपीट

**सोनीपत।** मकान नंबर-26 सेक्टर 15 शहर से विधायक सुरेंद्र पंवार आवास निवासी रामू ने बताया कि गत 29 अप्रैल को करीब 11.30 बजे रात को हिमांशु रात को घर में घुस आया। उसे थपड़ व मुक्के मारे, साथ ही उसके साथी अनिल को भी मारने लगे। उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी अजीत सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड 12वीं का परीक्षा परिणाम

# 82.70 प्रतिशत परिणाम के साथ 19वें नंबर पर रहा जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार को 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा परिणाम में सोनीपत जिले ने प्रदेश में 19वां स्थान बनाया है। जिले का परिणाम 82.70 प्रतिशत रहा। सोनीपत केवल फरीदाबाद, पलवल और नूंह जिले से ही अच्छा प्रदर्शन कर पाया है। अन्य सभी जिलों के सामने सोनीपत पिछड़ गया है। दूसरी ओर ओपन स्कूल परीक्षा में सोनीपत के 526 में से 360 विद्यार्थी पास हुए हैं।

बता दें कि सोनीपत में 12 वीं की परीक्षा के लिये कुल 84 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां पर जिले से 14 हजार 247 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 11 हजार 782 विद्यार्थियों ने परीक्षा उतीर्ण की है, वहीं 494 विद्यार्थी फेल हुए हैं। इसके अलावा 1 हजार 971 विद्यार्थियों की कम्पार्टमेंट आई है। उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिये 20 दिन का समय दिया गया है, तय समय के दौरान ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

### दून स्कूल की अंजलि ने हासिल किए 98 प्रतिशत अंक



आईटीआई चौक स्थित दून सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है। विद्यालय की अंजलि रानी ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। प्राचार्य आजाद सिंह बांगड़, प्रबंधन और अन्य स्टाफ ने अंजलि की इस उपलब्धि पर बधाई दी। प्राचार्य ने बताया कि स्कूल का परिणाम 85 प्रतिशत से अधिक है।

### आर्य कन्या स्कूल का परिणाम रहा शानदार

आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है। कॉमर्स संकाय की ईशा ने 96.6 % अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नैना 95.2% अंकों के साथ द्वितीय, हैंसी तथा रिया 92. 4% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। बाकी सभी छात्राएं मैरिट व प्रथम श्रेणी में पास हुई। छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रधान अजय गर्ग, सचिव सुरेश गुप्ता, मिडिया प्रभारी संजय सिंगला, प्राचार्या सुनीता अहलावत एवं स्टाफ ने बच्चों को बधाई दी व उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की।



**सोनीपत।** आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं खुशी मनाते हुए।

### 96.6 प्रतिशत अंक लेकर कोमल ने स्कूल किया टॉप



गढ़ शहजानपुर गांव स्थित सरदार पटेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से कला संकाय में 12वीं की छात्रा कोमल पुत्री अशोक ने बोर्ड परीक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल टॉप करते हुए अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। फाजिलपुर गांव से कोमल का अच्छा परिणाम आने पर स्कूल व घर पर खुशी का माहौल है। कोमल का कहना है कि उसका लक्ष्य यूपीएससी कर आईएएस बनना है।

दूसरे दिन मात्र एक प्रत्याशी ने किया पर्चा दाखिल

# छह दिन शेष, दिग्गज आज से शुरू करेंगे नामांकन

**खास बातें**
- कांग्रेस प्रत्याशी आज तो भाजपा प्रत्याशी 3 मई को करेंगे नामांकन
- इनेलो प्रत्याशी प्रत्याशी करेंगे 4 को, जजपा प्रत्याशी का तय नहीं



**सोनीपत।** आजाद उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल करवाते हुए रमेश कुमार खत्री। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लोकसभा चुनावों का बिगुल बज चुका है, प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी है। सभी राजनीतिक दल अपने-अपने दावों के साथ चुनावी मैदान में है। मुकाबला 24 मई तक जारी रहेगा, 25 मई को मतदान के साथ ही सभी का भविष्य भी तय हो जाएगा। लोकतंत्र के इस महापर्व के लिये सजे रण में योद्धाओं की आधिकारिक एंट्री आज से शुरू हो रही है। बुधवार यानि की 1 मई को कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल महाराज नामांकन दाखिल करेंगे। इसके बाद 3 मई को भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली नामांकन करेंगे। इनेलो प्रत्याशी अनूप दहिया 4 मई को नामांकन करेंगे। वहीं अभी तक जजपा प्रत्याशी के नामांकन को लेकर कोई तारीख तय नहीं की गई है। कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन करवाने के लिये पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदय भान सोनीपत पहुंचेंगे। भाजपा प्रत्याशी का नामांकन करवाने के लिये भी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल या मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोनीपत पहुंचेंगें। इनेलो प्रत्याशी का नामांकन करवाने के लिये इनेलो राष्ट्रीय महासचिव अभय चौटाला आएंगें। सभी राजनीतिक दल अपने प्रत्याशी के साथ शक्ति प्रदर्शन भी करेंगे।

### अब तक कुल 4 प्रत्याशी

लोकसभा आम चुनाव-2024 की नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल से आरंभ हो चुकी है। जिला में दूसरे दिन लोकसभा चुनाव के लिए एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन दाखिल किया। यह उम्मीदवार रोहणी सेक्टर-15 दिल्ली के रहने वाले रमेश कुमार खत्री है, जिन्होंने आजाद उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दर्ज करवाया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने उनको शपथ भी दिलाई। जिले में नामांकन के पहले दिन यानि की सोमवार को कुल 3 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए थे। अब तक 4 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिये नामांकन 06 मई (05 मई रविवार को छोड़कर) प्रातः 11:00 बजे से सांय 3:00 बजे तक लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित कमरा नंबर 102 मे दर्ज करवाए जा सकते हैं। 7 को नामांकन पत्रों की जांच व 9 मई को कोई भी नामांकन वापिस लिया जा सकता है।

### कैंटर ने बाइक को चपेट में लिया, किशोर की मौत

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर प्याऊ मनियारी के पास तेज रफ्तार कैंटर ने आगे चल रहे दो-पहिया वाहन को चपेट में ले लिया। हादसे में दो-पहिया वाहन पर तैनात किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान पर आरोपित कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

- हादसे के बाद कैंटर चालक वाहन सहित हुआ फरार

पबसरा निवासी सतपाल ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है। उसका लड़का यशविंद्र (16) कक्षा दसवीं में पढ़ता है। हाल में उसने दसवीं कक्षा की परीक्षा दी हुई थी। वह 10.30 बजे संजय निवासी पबसरा की बाइक पर एसी का काम सीखने के लिए घर से गया था। देर शाम उसे सूचना मिली कि करीब 3 बजे उसका लड़का सड़क हादसे का शिकार हो गया है।

तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में यशविंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकारी एसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि कैंटर चालक की तलाश के प्रयास किए जा रहे है।

# शिक्षकों ने कम लागत में बनाए विज्ञान के मॉडल



**गन्नौर।** शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में विज्ञान मांडल बनाते हुए शिक्षक।

- बेगा गांव के राजकीय स्कूल में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेगा में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान, विभिन्न शिक्षानुसार गतिविधियों का आयोजन किया गया और कम लागत में विज्ञान मॉडल बनाए गए। विज्ञान शिक्षकों ने कार्यशाला में भाग लिया। इस मौके पर मॉडल जैसे डीप वैल, पिनहोल कैमरा, और प्रकाश के गुणधर्मों पर प्रयोग आदि बनाए। शिक्षा के गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में एक साहसिक कदम के रूप में फाउंडेशन ने उत्कृष्ट शिक्षाविदों और विशेषज्ञों के सहयोग से एक नवाचारी शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तुत किया है। यह पहल शिक्षा क्षेत्र के लिए आशा का प्रकाश जलाती है, जो शिक्षकों को आधुनिक शैक्षणिक चुनौतियों को सफलतापूर्वक संभालने के लिए आवश्यक उपकरणों और कौशली से लैस करने का उद्देश्य रखती है। इस मौके पर डा. अतर (सोनीपत एपीसी), आजाद (बीआरसी) ने शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में आए और शिक्षाविदों को प्रेरित किया। इस मौके पर अजब सिंह धाकड़, अंकित कुमार, सुरज, साहिल आदि शिक्षकों ने प्रशिक्षण दिया।

# घर में घुसकर नकदी व जेवरात चोरी

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-15 स्थित मकान में घुसकर तोड़फोड़ करने व लाखों रुपये की नकदी व जेवरात चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर 50 से 60 लोगों व महिलाओं पर आरोप लगाया है। मकान नंबर-120 सेक्टर-15 निवासी ज्योति ने बताया कि गत 29 अप्रैल को वह पुलिस आयुक्त कार्यालय से वेस्ट डीसीपी से शिकायत देने के लिए गई थी। उसी दौरान उसकी नंद मुकेश का फोन आया कि श्रवण व पुष्पा शर्मा व उसकी नन्द सुनीता, नीलम, कृष्णा व सास मूर्ति देवी सहित 50 से 60 लोग व महिलाएं घर के दरवाजे को तोड़कर अंदर घुस आए। उसे ढूंढ़ रहे है। उसने डायल-112 पर कॉल करके पुलिस को अवगत करवाया। महिला ने पुलिस के साथ घर के अंदर जाकर देखा तो तीन लाख 50 हजार रुपये व सोने के कड़े, चेन, चार अंगुठी सहित जेवरात गायब मिले। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## इको चालक से मारपीट कर नकदी, मोबाइल, अंगूठी व दस्तावेज छीने

- चार युवकों ने दिल्ली से सोनीपत के लिए बुक की थी इको, सोनीपत पहुंचने पर दिया वारदात को अंजाम, मामला दर्ज

**गोहाना।** चार युवकों ने दिल्ली से सोनीपत जाने के लिए इको को बुक किया। सोनीपत पहुंचने पर रेलवे लाइन के पुल पर इको को रुकवा लिया गया। वहां उनका एक और साथी आ गया। इसके बाद चालक से कहा कि छह किलोमीटर दूर उनके घर तक छोड़ आओ। काफी दूर तक चलने के बाद उसे गोहाना का बोर्ड दिखाई दिया और आगे जाने से मना कर दिया। इसके बाद चालक से मारपीट करके नकदी, मोबाइल, अंगूठी व दस्तावेज छीन ले गए। सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। दिल्ली में अशोक विहार के धर्मपाल पाठक ने पुलिस को बताया कि वह अपनी इको को किराये पर चलाता है। वह सोमवार को अशोक विहार में सब्जी मंडी के पास खड़ा था और चार युवकों ने एक हजार रुपये में दिल्ली से सोनीपत तक के लिए इको को बुक किया। वह चारों युवकों को गाड़ी में बैठाकर सोनीपत आ गया। सोनीपत में रेलवे पुल के ऊपर उन युवकों ने गाड़ी रुकवा ली। करीब आधे घंटे बाद उनका एक अन्य साथी भी गाड़ी में आकर बैठ गया। इसके बाद उससे कहा कि लगभग छह किलोमीटर दूर उनका घर है और वहां तक उन्हें छोड़ दिया जाए। रास्ते में गोहाना का बोर्ड नजर आया और लगभग 12 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद उसने आगे जाने से मना कर दिया। युवकों ने उसे जबरदस्ती ड्राइवर सीट से उतारकर पीछे सीट पर बैठा लिया और गाड़ी उनमें से एक युवक चलाने लगा। वे गोहाना की तरफ चल पड़े और रास्ते में गाड़ी इंजन गर्म होने से रुक गई। इसके बाद उन युवकों ने उससे मारपीट की और मोबाइल, सोने की अंगूठी, दस्तावेज व पर्स छीन ले गए। पर्स में 3500 रुपये थे। गांव बीधल के निकट घटना को अंजाम दिया गया।

सोनीपत पुलिस का अवैध शराब के तस्करों पर कड़ा प्रहार

# अवैध शराब के स्टॉक वाली बिल्डिंग पर चला बुलडोजर

- डीटीपी सोनीपत ने पुलिस बल को साथ लेकर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

डीटीपी सोनीपत व जिला पुलिस सोनीपत ने अवैध शराब के दो दर्जन से भी अधिक मुकदमों में शामिल आरोपित भूपेंद्र पुत्र दिलबाग निवासी सिसाना जिला सोनीपत द्वारा अवैध शराब के काले कारोबार के लिए ली गई किराए की इमारत पर करवाई करते हुए बुलडोजर चलाया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय के अनुसार सोनीपत पुलिस की क्राइम यूनिट सेक्टर 27 की टीम ने 10 अप्रैल 2024 को गांव जटोला की इस इमारत से तकरीबन 1523 अलग अलग मार्का की अवैध शराब/बियर की पेटियां पकड़ी थी। सूत्रों से पता चला कि ये अवैध शराब, शराब तस्कर भूपेन्द्र सिसाना की है, जो काफी समय इस इस ईमारत को किराये पर लेकर यहाँ से अवैध शराब की तस्करी करने का धन्धा चला रहा था। आरोपित भूपेन्द्र उपरोक्त के खिलाफ विभिन्न थानों में तकरीबन ढाई दर्जन मामले दर्ज है। आरोपित उन मामलों में जेल की सजा भी काट चुका हैं और कुछ मामले अभी विचाराधीन है परंतु आरोपित अपनी हरकतों से बाज नहीं आता और बाहर आने के पश्चात फिर से अवैध काम करने शुरू कर देते हैं। जिला प्रशासन व सोनीपत पुलिस के उच्च अधिकारियो के आदेश अनुसार डीटीपी सोनीपत व सोनीपत पुलिस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना खरखौदा के जटोला गाँव में अवैध शराब तस्करी के लिए किराये पर ली गई इमारत को ध्वस्त किया है। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा जिनकी देखरेख में तोड़फोड़ की सारी कार्रवाई शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न की गई। पुलिस द्वारा अवैध शराब का कारोबार करने वाले अपराधियों की सूची तैयार की जा रही है जिनके खिलाफ कारवाई इसी प्रकार जारी रहेगी।



**खरखौदा।** जेसीबी के जरिये इमारत ध्वस्त करते हुए।

### सीज की जाएगी चल-अचल संपत्ति

अधिक जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त क्राइम एवं पश्चिम जोन सोनीपत नरेंद्र कादयान ने बताया कि भूपेंद्र द्वारा पिछले काफी सालों से अवैध शराब तस्करी करके जो चल-अचल संपति अर्जित की है, उसकी पूरी डिटेल सोनीपत पुलिस द्वारा ली जा रही है और उसकी व उसके गुर्गो की सम्पति को सीज करवाया जायेगा। शराब तस्कर भूपेंद्र अपने गुर्गों व परिचितों के नाम से शराब ठेके लेकर उसकी लगभग हिस्सेदारी अपने पास रखकर उन ठेका की आड़ में शराब की तस्करी दूसरे राज्यों जैसे यूपी, बिहार, दिल्ली व राजस्थान आदि में करता व करवाता है।

### पांच हजार का ईनामी है भूपेंद्र

आरोपित भूपेंद्र ने ही पीपली ठेका का पास वर्ष 2023 में रामनिवास निवासा पीपली पर अपने भाई जितेंद्र उर्फ धोला से कातिलाना हमला करवाया था। जिसमे भूपेंद्र मुख्य अभियुक्त है और वह इस मुकदमा में भगोड़ा घोषित है उस पर सोनीपत पुलिस द्वारा पांच हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया हुआ है।

# प्रो बॉक्सिंग में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** बाइट शुरू कराते हुए मुख्य अतिथि।

स्थानीय दहिया वाटिका में प्रो बॉक्सिंग फाइट नाइट का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि मोहनलाल बड़ौली के पुत्र सोनू बड़ौली रहे। प्रतियोगिता में राष्ट्र स्तरीय खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। विजेता खिलाड़ियों को नकद राशि व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में 11 मुकाबले कराए गए जिनमें 5 लड़कियों के और 6 लड़कों के मुकाबले कराए गए। प्रतियोगिता में लड़कों के वर्ग में पहला मुकाबला 51 किलोग्राम भार वर्ग में आकाश व नवीन के बीच कराया गया। जिसमें आकाश ने नवीन को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 54 किलोग्राम भार वर्ग में मनजीत ने सीटू राजपाल को हराकर मुकाबला जीता। 62 किलोग्राम भार वर्ग में जितेंद्र ठाकुर ने मन कुंडल को हराया। 66 किलोग्राम भार वर्ग में सागर ने सौरभ ठाकुर को हराया। 75 किलोग्राम भार वर्ग में अंकुश ने नीतीश को हराकर मुकाबला जीता। इसी भार वर्ग में नीरज ने अतुल कुमार को हराया। लड़कियों के 51 किलो भार वर्ग में तनु देवी ने अक्षिता वर्मा को हराकर जीत दर्ज की। 52 किलोग्राम भार वर्ग में सुनैना ने अर्जू को हराकर मुकाबला जीता। 57 किलोग्राम भार वर्ग में आरती हुड्डा ने निशि को हराया। इसी भार वर्ग में रेनू ने आंचल को हराकर मुकाबला जीता। 63 किलोग्राम भार वर्ग में रानी देवी ने पल्फिन यादव को हरा कर मुकाबला जीता। प्रतियोगिता में सभी मुकाबले नॉर्थ जोन के कोच मनोज कुमार की देखरेख में किए गए। सभी विजेता खिलाड़ियों को नगद राशि व समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन सोमवीर आर्य ने किया। इस मौके पर कुलदीप पहलवान, ब्लॉक समिति पूर्व चेयरमैन राजवीर दहिया, ब्लॉक समिति चेयरमैन सतेंद्र दहिया, शक्ति ठेकेदार, सुनील पांचाल व अन्य गणमान्य लोगों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप


पायल।


तन्नू।

### संत हरिदास शिक्षा सदन रिढ़ाऊ का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**खरखौदा।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें संत हरिदास शिक्षा सदन रिढ़ाऊ का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। इस परीक्षा परिणाम में 56 विद्यार्थियों में से 28 विद्यार्थियों ने मेरिट, 11 विद्यार्थियों में 70 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए है। बाकी के विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की है। जिसमें कुमारी पायल ने 458 अंक लेकर प्रथम, नवीन ने 455 अंक लेकर द्वितीय, कुमारी तन्नू ने 442 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।


नवीन।


गोहाना। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देते हुए कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

### महिला विवि के दो कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के दो गैर शिक्षक कर्मचारी मंगलवार को सेवा से निवृत्त हो गए। महिला विश्वविद्यालय की हॉस्टल सुपरवाइजर सुमित्रा देवी 24 वर्षों तथा एक्सईएन कार्यालय के कर्मचारी पीतांबर दत्त शर्मा 40 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। कुलपति कार्यालय स्थित कांफ्रेंस कक्ष में कुलपति प्रो. सुदेश ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सुखद एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। कुलपति ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

### शिल्पा ने कुश्ती मुकाबले में जीता कांस्य पदक

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग की द्वितीय वर्ष की छात्रा शिल्पा ने वाराणसी में आयोजित सीनियर रेसलिंग फेडरेशन कप में हुए कांस्य पदक जीता।

महिला विश्वविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ. संजीत मलिक ने बताया कि शिल्पा ने यह पदक 57 किलोग्राम भार वर्ग के मुकाबले में जीता। उन्होंने बताया कि इससे पहले शिल्पा ने इसी वर्ष खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में स्वर्ण पदक जीता है। शिल्पा ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी रेसलिंग मुकाबलों में कांस्य पदक तथा सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में रजत पदक भी प्राप्त कर चुकी हैं। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने विजेता छात्रा को बधाई दी तथा आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी।

### पुलिस कर रही रेहड़ी वालों को प्रताड़ित: अशोक

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा मीडिया प्रभारी एवं पूर्व पार्षद अशोक खुराना ने कहा है कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल जिला पुलिस प्रशासन का सारा जोर गरीब रेहड़ी-पटरी वालों को उजाड़ने में लग रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस राईडर मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पाल रहे गरीब लोगों को काम करने से रोकते हैं और गरीब लोगों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। भाजपा नेता अशोक खुराना ने कहा कि पुलिस उन जगहों से कब्जे नहीं हटा पा रही जहां जरूरी है और सबसे ज्यादा ट्रैफिक प्रभावित होता है लेकिन गरीब लोगों के साथ धक्का किया जा रहा है। उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री तो रेहड़ी-पटरी वालों को स्वनिधि योजना के तहत सशक्त व स्वालंबी बनाने में लगे हुए हैं लेकिन जिला पुलिस प्रशासन उनको नेस्तनाबूद करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की शिकायत मुख्यमंत्री को की जाएगी।

### अलग-अलग स्थानों पर आगजनी की 9 लोकेशन कृषि विभाग को भेजी

# फसल अवशेष जलाने वालों की सैटेलाइट से होगी निगरानी

विभाग की तरफ से क्षेत्र में नजर रखने के लिए टीमों का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में आगजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कृषि विभाग की तरफ से सैटेलाइट से नजर रखी जा रही है। आगजनी की जगह मिलने पर उक्त स्थानों की लोकेशन कृषि विभाग को भेजी जा रही है, जहां पर फसल अवशेषों में आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है। जिले में रबी सीजन के दौरान 9 लोकेशन कृषि विभाग के पास पहुंच गई है। सैटेलाइट से मिली लोकेशन का भौतिक सत्यापन के बाद कृषि विभाग संबंधित लोगों पर जुर्माना भी लगा सकता है। साथ ही विभाग की तरफ से लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

बता दें कि रबी सीजन की फसलों की कटाई प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। किसान खरीफ सीजन की फसलों की बिजाई व रोपाई के लिए खेतों को पूरी तरह से साफ करने की कवायद में जुट गए है। ऐसे में कुछ किसान फसल अवशेषों में आगजनी भी कर रहे हैं। ऐसे किसानों पर नकेल कसने के लिए सैटेलाइट से नजर रखी जा रही है। वहीं फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिए कृषि विभाग द्वारा भी टीमों का गठन करके उन्हें फील्ड पर उतार दिया है। कृषि विभाग के साथ-साथ ग्राम सचिव व पटवारी भी संबंधित क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं पर नजर रख रहे हैं। वहीं विभाग किसानों को फसल अवशेषों में आगजनी करने से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक भी कर रहा है। फसल अवशेषों में आगजनी से मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त मित्र कीट भी नष्ट हो जाते है।


फोटो केप्सन 30 एसएनपी 13 : जलाएं गए फसल अवशेष।

### जिले में 1 लाख 50 हजार हैक्टेयर भूमि पर उगाई थी गेहूं की फसल

कृषि विभाग की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार जिले में किसानों द्वारा 1 लाख 50 हजार हैक्टेयर भूमि में गेहूं की फसल उगाई गई थी। मौजूदा समय में फसलों की कटाई व कढ़ाई का काम अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। किसानों ने इस बार बड़ी संख्या में मशीनों के माध्यम से भी गेहूं की कटाई करवाई है। इसके अतिरिक्त सरसों की कटाई व कढ़ाई का काम लगभग समाप्त हो चुका है। कृषि विभाग ने किसानों का आह्वान किया है कि वे गेहूं की मशीन से कटाई करवाने के बाद बचे हुए अवशेषों का तूड़ा बनवाए, ताकि पशुओं के लिए चारे की किसी प्रकार की कमी न रहे।

### अधिकारियों को भेजी लोकेशन

फसल अवशेष जलाने वाले लोगों को किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। विभाग की तरफ से टीमों का गठन किया गया है। जो गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने व आगजनी की घटनाओं पर नजर रखेगी। सैटेलाइट से आगजनी की घटनाओं पर नजर रखी जा रही है। हाल में नौ लोकेशन विभाग के अधिकारियों को मिली है। जिसको लेकर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

**डा. पवन शर्मा, कृषि उपनिदेशक, सोनीपत।**

## मतदान जागरूकता को रैली निकाली

- रैली को स्कूल के निदेशक संजीव कुमार ने किया संबोधित, प्रधानाचार्य नवीन कौशिक ने दिखाई झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सोनीपत- गन्नौर रोड पर भूर्री गांव के पास पी.एस. पब्लिक स्कूल में मतदान जागरूकता रैली निकाली गई। स्कूल निदेशक संजीव कुमार नें बच्चों व शिक्षकों को के बारे में जागरूक किया। प्रधानाचार्य नवीन कौशिक ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान स्कूल के छात्र व छात्राएं मतदान जागरूकता से संबधित पोस्टर व बैनर अपने हाथों में लिए हुए थे। मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान की अपील की गई। उन्होंने कहा कि मतदान करना सभी का परम कर्तव्य है। मतदान से हम एक सशक्त सरकार चुन सकते है। ऐसे में हम सभी को मतदान करना चाहिए। सभी से कहा गया कि अपने बहुमूल्य वोट के महत्व को समझें और लोकतंत्र की मजबूती के लिए बूथ पर पहुंचकर मतदान करें। निदेशक संजीव कुमार ने कहा कि मतदान का अधिकार सर्वोत्तम अधिकार है। इसका प्रयोग बहुत सोच समझ कर करना चाहिए। लोगों को अपने इस अमूल्य मत का प्रयोग जाति, धर्म, संप्रदाय एवं संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर विकास, शिक्षा और रोजगार को ध्यान में रखकर करना चाहिए। रैली में स्कूल के शिक्षकों ने व्यवस्था संभाली।


गन्नौर। रैली के दौरान स्कूल के शिक्षक मतदान के प्रति जागरूक करते हुए।

### स्कूल में पेस्टोरल केयर समारोह का आयोजन

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में मंगलवार को पेस्टोरल केयर समारोह का आयोजन हुआ। जिसने छात्रों और शिक्षकों के बीच एक भावनात्मक बंधन स्थापित किया। समारोह में छात्रों ने अपने शिक्षकों को अभिभावक के रूप में गले लगाया, जो उनके बीच साझा किए जाने वाले पोषण और देखभाल के रिश्ते को दशार्ता है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा अपने शिक्षकों को हाथ से बने कार्ड भेंट करना, अपना प्यार, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करना था। प्राचार्या किरण दलाल ने बताया कि अपने शिक्षाओं को अपने अभिभावक के रूप में चुनकर विद्यार्थी अपनी बात उनसे सांझा कर सकते है।



बाल भवन स्कूल के विजेता खिलाड़ी आरिव शर्मा को सम्मानित करते अतिथिगण।

### नेशनल सब जूनियर ताईक्वाडों में छात्र ने कांस्य पदक जीता

गन्नौर। बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 6 के छात्र आरिव शर्मा ने नेशनल सब जूनियर ताईक्वाडों में कांस्य पदक जीता। स्टार फाउंडेशन द्वारा 28 व 29 अप्रैल को चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमे आरीव ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने बधाई देते हुए बताया कि पढ़ाई के साथ साथ आरिव खेल में भी आगे बढ़ रहा है। उन्होंने अन्य छात्रों को भी शिक्षा के साथ खेलो में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## लगन व मेहनत के साथ आगे बढ़ें : अनिल

- जवाहरलाल नेहरू विद्यालय में विद्यार्थियों को मनोवैज्ञानिक परामर्श दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में मंगलवार को शहर में गुढ़ा रोड स्थित जवाहरलाल नेहरु वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनोवैज्ञानिक परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य वक्ता परिषद के नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि मन में जिज्ञासा कायम रखें और मेहनत के साथ आगे बढ़ें। ज्ञान का दायरा सीमित है जबकि कल्पना की कोई सीमा नहीं होती। कल्पना प्रगति को प्रेरित करती है और विकास को जन्म देती है। ऐसे में कल्पना ज्ञान से अधिक महत्वपूर्ण होती है। किशोर युवाओं को अपनी कल्पना शक्ति को पोषित करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिएं। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ें और उसकी प्राप्ति के लिए मेहनत करें। जिज्ञासा से उत्पन्न सवालों का जवाब जरूर हासिल करते रहें। कार्यक्रम में स्कूल के एमडी अनिल मलिक, प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा, समाजसेवी दिलावर लठवाल, सह निर्देशक राजकुमार जांगड़ा व उप प्राचार्य सूरत शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।


गोहाना। विद्यार्थियों का मनोवैज्ञानिक मार्गदर्शन करते हुए अनिल मलिक।

## जेएलएन स्कूल के 109 छात्रों ने प्राप्त की मेरिट

- जेएलएन स्कूल के 109 मेधावियों ने प्राप्त की मेरिट
- 12वीं की परीक्षा में अच्छे अंक लेने वाले विद्यार्थियों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को घोषित कक्षा 12वीं की परीक्षा परिणाम में शहर में गुढ़ा रोड स्थित जेएलएन स्कूल के विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहा। परीक्षा में स्कूल के 109 मेधावी विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की। स्कूल के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ1 सचिन शर्मा ने अच्छे अंक लेने वाले मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी।

कला संकाय में कीर्ति पुत्री जितेंद्र ने 96 प्रतिशत अंक, खुशी पुत्री रामचंद्र ने 94.6 प्रतिशत, प्रीति पुत्री बिजेंद्र ने 94.4 प्रतिशत, विज्ञान संकाय में खुशबू पुत्री दिनेश ने 93.8 प्रतिशत, पुरुषोत्तम पुत्र श्रीभगवान ने 93.6 प्रतिशत, दीक्षा पुत्री कुलबीर ने 93.4 प्रतिशत, कॉमर्स संकाय मे सुप्रिया पुत्री संदीप ने 94.4 प्रतिशत, स्नेहा पुत्री सतीश ने 91.8 प्रतिशत, खुशबू पुत्री रणधीर ने 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। ये सभी अपने-अपने संकाय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तुतीय स्थान पर रहे। गणित विषय में रितिका पुत्री सतपाल, आकाश पुत्र राजेंद्र एवं पुरुषोत्तम पुत्र श्रीभगवान, फिजिकल एजुकेशन में खुशी पुत्री रामचंद्र, कीर्ति पुत्री जितेंद्र और प्रीति पुत्री बिजेंद्र ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर सह निर्देशक राजकुमार जांगड़ा, उप प्राचार्य सूरत शर्मा, चिराग जैन, यशपाल शर्मा,सोमबीर, सुमित चहल, सुखबीर और संतोष यादव उपस्थित रहे।


गोहाना। छात्रा खुशी को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद देते हुए उसके माता-पिता।

## सुंदर सांवरी में भरा गंदा पानी लोगों का जीना हुआ दुभर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सुंदर सांवरी में सीवर का गन्दा पानी भरने के कारण बस्ती के लोगों का जीना दुभर हो गया है, कई बार तो गलियों में से आने जाने का रास्ता भी नहीं रहता। कालोनी वासी अधिकारियों के सामने गुहार लगा लगाकर थक चुके हैं परन्तु अधिकारियों के कानों पर जूं नहीं रेंग रही। शिकायत मिलने पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन निगम पार्षद हरी सैनी के साथ पंहुची और समस्या सुनकर नगर निगम के अधिकारियों को फोन पर समस्या के स्थायी समाधान के निर्देश दिए। कविता जैन ने नगर निगम के कार्यकारी अभियंता विशाल गर्ग से कहा कि सीवरों की बिछाई गई नई लाइन का गलत कनेक्शन होने के कारण बार-बार गन्दा पानी बैक मारकर गलियों में खड़ा हो जाता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले तुरंत गंदा पानी निकलवायें ताकि लोगों को आने जाने में परेशानी न हो। कॉलोनी वासियों ने बताया कि सीवरेज का कनेक्शन करते वक्त कोई अधिकारी मौके पर नहीं था जिस कारण ठेकेदार ने लेवल ठीक नहीं किया। विशाल गर्ग ने आश्वासन दिया कि वह पहले सीवर लाइन की मेनहोल से मेनहोल अच्छी तरह सफाई करवाएंगे और फिर आचार संहिता हटने के बाद टेंडर लगाकर लाइन के कनेक्शन लेवल को ठीक करवाया जायेगा ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो जाये। इस अवसर पर सत्यनारायण, रवि, सतीश, शिवा, छात्र सिंह, अनिल, राज कौशिक, रामरती, पवन, सतबीर सहित अनेको कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।


सोनीपत। सुंदर सांवरी में लोगों से बातचीत करती पूर्व मंत्री कविता जैन।

### अब तक 3 लाख 72 हजार 474 मीट्रिक टन गेहूं की हुई आवक

**सोनीपत।** जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में सोमवार रात तक 372474 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। जिले की विभिन्न मंडियों में पहुंचे 372474 मीट्रिक गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 94078 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 176069 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी द्वारा 85779 तथा एफसीआई द्वारा की गई 16548 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला की मंडियों में पहुंचे गेहूं में बरोदा खरीद केंद्र पर 4310 मीट्रिक टन, भैंसवाल खरीद केंद्र पर 2615 मीट्रिक टन, बिचपड़ी खरीद केंद्र पर 1136 मीट्रिक टन, दतौली खरीद केंद्र पर 5199 मीट्रिक टन, फरमाणा खरीद केंद्र पर 9452 मीट्रिक टन, गन्नौर अनाज मंडी में 29021 मीट्रिक टन, गोहाना अनाज मंडी में 137654 मीट्रिक टन की खरीद की गई।

## डीबीएम पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

- वंशिका ने विज्ञान संकाय में 92 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हरियाणा शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में मदीना गांव में गोहाना-महम मार्ग स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने अच्छे अंक लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। परीक्षा में स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के एमडी विकास मलिक ने मेधावी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा राणा के अनुसार कक्षा12वीं की परीक्षा में स्कूल की मेधावी छात्रा वंशिका पुत्री निरंजन ने विज्ञान संकाय में 92 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनुज पुत्र रामपाल ने विज्ञान संकाय में 91 प्रतिशत लेकर संकाय में द्वितीय स्थान हासिल किया। स्कूल के 36 छात्रों में से 32 मेधावी छात्रों ने अपना नाम मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। हरियाणा शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में मदीना गांव में गोहाना-महम मार्ग स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने अच्छे अंक लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। एमडी विकास मलिक और प्राचार्या पूजा राणा ने मेधावी विद्यार्थियों को मिठाइयां खिलाई।


गोहाना। खुशी से झूमते हुए मेधावी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## जेईई मेंस में नालंदा स्कूल के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन


गोहाना। नालंदा इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

जेईई मेंस की परीक्षा में गोहाना-जींद मार्ग स्थित नालंदा इंटरनेशनल स्कूल के 4 मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्कूल में खुशी का माहौल है।

परीक्षा में छात्रा मुस्कान पुत्री संजय ने 96.500 परसेंटाइल, वंश मलिक पुत्र शमशेर ने 93.44 परसेंटाइल, प्रियांश पुत्र रविंद्र ने 93.43 परसेंटाइल और अनुराग पुत्र जय भगवान ने 86.500 परसेंटाइल हासिल करके अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इन विद्यार्थियों को स्कूल की एमडी रीना मलिक और प्राचार्य वीरेंद्र मलिक ने अपना आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बारहवीं में जिले के मेधावियों ने शानदार प्रदर्शन किया

# वनिका के 98.4 तो वैभव के 98 प्रतिशत अंक

- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने जारी किया है 12वीं का परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने 12वी कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया है, जिसमें जिले के मेधावियों ने शानदार प्रदर्शन किया। शिक्षा बोर्ड की तरफ से जारी परीक्षा परिणाम में टॉपरों की सूची जारी नहीं की गई। जिस कारण मेधावी विद्यार्थियों को थोड़ी निराशा हुई है। जिले के मेधावियों की सूची में गोहाना के गांव खेड़ी दमकन की लाडली विनिता 98.4 फीसदी और एसएम हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र वैभव 98 फीसदी अंकों के साथ मेधावियों की सूची में आगे बने हुई हैं। मेधावियों ने बताया कि इस उपलब्धि के लिए उन्होंने रोजाना 8 से 10 घंटे तक पढ़ाई की है।

### आईएएस बनाना चाहती है विनिका



गोहाना के गांव दमकन खेड़ी निवासी किसान नबाब की बेटी विनिका ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा परिक्षा में 98.4 फीसदी अंक प्राप्त कर जिले के मेधावी बच्चों की सूची में नाम दर्ज किया है। विनिका का सपना आईएएस अधिकारी बनकर देश व समाज की सेवा करना है। गुढा रोड स्थित सीआर स्कूल की छात्रा विनिका ने बताया कि उन्होंने घर पर ही 6 से 7 घंटे तक पढ़ाई की। विनिका की सफलता पर उनके बड़े भाई हकीकत, माता सूरज कौर खुशी से फूले नहीं समा रहे। विनिका ने बताया कि उनके पिता नवाब व माता सूरज कौर ने हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्कूल में शिक्षिका अमिता, दया व शिक्षक जावेद व प्रदीप दलाल का सहयोग मिला है। विनिका ने अन्य विद्यार्थियों को संदेश दिया कि आज का काम कल पर न छोड़ें और शिक्षकों की बात ध्यान से सूने।

### वैभव बनना चाहता है इंजीनियरिंग



एसएम हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सोनीपत के छात्र वैभव ने नॉन मेडिकल में 98 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। न्यू कबीरपुर निवासी वैभव का सपना आईआईटी से इंजीनियरिंग कर देश के निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने बताया कि नियम-134ए के अंतर्गत स्कूल में दाखिला लिया था। कभी ट्यूशन नहीं लिया स्कूल में जो पढ़ाया, घर आकर उसी की तैयारी की। जो कुछ समझ नहीं आता तो बड़ी बहन की मदद लेता था और अगले दिन शिक्षक से शंका दूर करता था। वैभव ने कहा कि मोबाइल का प्रयोग केवल पढ़ाई के लिए ही करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि इंटरनेट मीडिया से दूरी बनाकर पढ़ाई पर फोकस करें, तभी सफलता मिलेगी। वैभव के पिता उमेश्वर कुमार सिंह बेटे की सफलता पर बेहद खुश हैं।

